**प्रेस नोट**

**दिनांक 23.11.2024**

**जनपद गोण्डा।**

**''पुलिस झण्डा दिवस'' के अवसर पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा पुलिस लाइन में व अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी द्वारा पुलिस कार्यालय में किया गया झण्डा रोहणः-**

**पुलिस कार्मिकों के प्रतीकात्मक फ्लैग चिन्ह लगाकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए पुलिस ध्वज की गरिमा बनाये रखने हेतु किया गया प्रेरित-**

आज दिनांक 23.11.2024 को ''पुलिस झण्डा दिवस'' के अवसर पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा पुलिस लाइन में झण्डा रोहण कर सलामी दी गयी तथा पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के संदेश को उपस्थित पुलिस अधिकारियो /कर्मचारीगणों को पढ़कर सुनाया गया व झण्डा दिवस के बारे में विस्तार से बताया गया की 23 नवम्बर, उत्तर प्रदेश पुलिस के लिये गौरवशाली, ऐतिहासिक एवं अतिमहत्वपूर्ण दिन है। शक्ति एवं निष्ठा के प्रतीक, लाल एवं नीले रंग के ध्वज ने उत्तर प्रदेश पुलिस को एक गौरवमयी पहचान दी है। पुलिस विभाग के प्रति निष्ठावान हमारे वीर साथियों की जन-सेवा, कर्तव्यपरायणता, पराक्रम तथा आत्म बलिदान की अनगिनत गाथाओं के बाद पुलिस ध्वज प्राप्ति की इस गौरवमयी उपलब्धि का मार्ग प्रशस्त हो सका। पुलिस ध्वज के फहराने और उसके प्रति सम्मान प्रदर्शित करते समय हमें आत्माभिमान की अनुभूति होती है और हम सभी में कर्तव्यनिष्ठा की नई ऊर्जा संचरित होती है, जो हमें नये जोश और उत्साह के साथ कर्तव्यपालन के लिए प्रेरित करती है। उत्तर प्रदेश पुलिस बल का इतिहास स्वर्णिम एवं गौरवशाली रहा है। उत्तर प्रदेश पुलिस बल एकल कमान के अन्तर्गत विश्व का सबसे बड़ा पुलिस संगठन है। इतनी बड़ी आबादी वाले प्रदेश में उच्चकोटि का अपराध नियंत्रण एवं सुदृढ कानून व्यवस्था सुनिश्चित करना ऐसे कार्य हैं, जिनमें पुलिस कार्मिकों को न केवल निरन्तर सजगता व सतर्कता बरतनी होती है, बल्कि प्रत्येक क्षण नई चुनौतियों का सामना करते हुये अपने जीवन को जोखिम में डालना पड़ता है। अन्त में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर सभी को पुनः हार्दिक शुभकामनायें देते हुए सभी को इस गौरवशाली अतीत की गरिमामयी उपलब्धि का सम्मान बनाये रखने और अपनी कर्तव्यनिष्ठा एवं व्यावसायिक दक्षता से ऐसे अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते रहे, जिससे उत्तर प्रदेश पुलिस के स्वर्णिम इतिहास में नित नये आयाम स्थापित होते रहें तत्पश्चात् पुलिस ध्वज का प्रतीक उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों की वर्दी की बांयी जेब की बटन के ऊपर लगा कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए पुलिस ध्वज की गरिमा बनाये रखने हेतु प्रेरित किया गया।

**इसी प्रकार अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में झण्डा रोहण कर सलामी दी गयी तथा पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के संदेश को उपस्थित पुलिस**

**अधिकारियो /कर्मचारीगणों को पढ़कर सुनाया व झण्डा दिवस के बारे में विस्तार से बताया गया तथा पुलिस ध्वज का प्रतीक उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों की वर्दी की बांयी जेब की बटन के ऊपर लगाया गया । इसी तरह समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी/ चौकी प्रभारीयो द्वारा अपने-अपने कार्यालयों पर पुलिस झंडा दिवस मनाया गया ।**

**इस मौके पर पुलिस के समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।**

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**

**दिनांक 23.11.2024**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा सड़क सुरक्षा 'यातायात माह' के दृष्टिगत सेंट जेवियर्स स्कूल में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ-**

**छात्र/छात्राओं, उपस्थित शिक्षकगणों से संवाद स्थापित कर यातायात नियमों की जानकारी देकर पालन करने/कराने हेतु किया गया जागरूक-**

आज दिनांक 23.11.2024 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा सड़क सुरक्षा 'यातायात माह' के दृष्टिगत **सेंट जेवियर्स स्कूल में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात् महोदय द्वारा उपस्थित छात्र/छात्राओं व शिक्षकगण को यातायात नियमों की जानकारी देकर पालन करने/कराने हेतु जागरूक किया गया।** महोददय द्वारा बताया गया कि यातायात नियमों का पालन करके सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। महोदय द्वारा उपस्थित छात्र/छात्राओं व शिक्षकगण अन्य वाहन चालको को संबोधित करते हुए यातायात नियमों के पालन करने/कराने का संदेश दिया गया ।

01. वाहन चलाते समय मोबाइल फोन/इयरफोन का प्रयोग न करे।
02. नाबालिक बच्चो का वाहन चलाना वर्जित है।
03. दो पहिया वाहन चालक एवम् पीछे बैठी सवारी हेलमेट का प्रयोग करना अनिवार्य है।
04. चार पहिया वाहनों का प्रयोग करते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करे।
05. गाडियों में निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियाँ बैठाना नियम विरूद्ध है।
06. गाडियों में निर्धारित क्षमता से अधिक गति से वाहन चलाना दण्डनीय अपराध है।
07. दायें बायें मुड़ते समय इंडिकेटर का प्रयोग करे।
08. वाहनों को निर्धारित स्थान पर ही पार्क करे।
09. वाहनों पर आगे व पीछे दोनो साइड निर्धारित रिफ्लेक्टर टेप लगाकर चले।
11. एम्बुलेंस एवं फायर वाहनों को जाने हेतु रास्ता पहले प्रदान करे।
12. नशे /मादक द्रव्यों का सेवन कर वाहन न चलाये।
13. वाहन चलाते समय सड़क पर स्टंट न करे।
14. सड़क पर दुर्घटना होने पर घायल व्यक्तियों की मदद करे तथा 112 को सूचित करे।

**इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर श्री सौरभ वर्मा, पुलिस उपाधीक्षक श्री उदित नरायण पालीवाल, प्रधानाचार्या व शिक्षकगण व पुलिस के अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे**

**मीडिया सेल गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**थाना समाधान दिवस**
**दिनांक 23.11.2024**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना कटराबाजार में की गयी जनसुनवाई, जनता की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देशः-**

गोण्डा। आज दिनांक 23.11.2024 को थाना समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा थाना कटराबाजार में जनसुनवाई की गई। महोदय द्वारा जनता की जनसमस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के त्वरित एवं गुणवक्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना कटराबाजार में सुनवाई के दौरान 30 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए है। जिसमें से 07 प्रार्थना पत्र का मौके पर ही निस्तारित किया गया, शेष प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजा गया है। इसी प्रकार पुलिस अधीक्षक गोण्डा के निर्देशन में समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों व प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों द्वारा अपने अपने थानों पर समाधान दिवस पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण कराया गया। समस्त थानों में प्राप्त हुए कुल 203 प्रार्थना पत्रों में से 17 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया तथा शेष राजस्व संबंधित मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर निस्तारण हेतु मौके पर भेजा गया।

**इस दौरान राजस्व एवं पुलिस के अधि0/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।**

**मीडिया सेल, गोण्डा**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 23.11.2024**

**अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी द्वारा महाकुम्भ मेला 2025 हेतु अतिरिक्त पुलिस बल को आकस्मिकता की स्थिति में कुम्भ मेला ड्यूटी हेतु दिया गया साफ्ट स्किल प्रशिक्षण**

आज दिनांक 23.11.2024 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल  के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी द्वारा महाकुम्भ मेला-2025 को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपद स्तर पर रिजर्व किये गये 01 निरीक्षक, 09 उपनिरीक्षक, 85 कांस्टेबल/हेड कांस्टेबल को आकस्मिकता की स्थिति में कुम्भ मेला ड्यूटी के लिए तैयारी की दशा में रखने हेतु साफ्ट स्किल प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान महोदय द्वारा निर्देशित किया गया की डियूटी पर अपने प्रतिबद्धताओं और जिम्मेदारियों का पालन करे तथा अपने आस पास के वातावरण का ध्यान रखें और विवेकशील रहे। महिला, बच्चों, वृद्ध व साधु संतो के संग आचरण एवं संवाद अच्छा बनाये तथा अपनी आवाज के लहजे और शारीरिक भाषा पर ध्यान दे और श्रद्धालुओं से समावेशी भाषा का प्रयोग व मुस्कुराकर अभिवादन करे। यदि आप कोई आपमानजनक या असुरक्षित व्यवहार देखते है तो उसके खिलाफ कार्यवाही करे। सभी अधिकारियो के नम्बर अपने पास रखने तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचित करने हेतु अवगत कराया गया । समस्त कर्मियों को ड्यूटी के दौरान अनुशासन, संयम व अच्छा आचरण रखने , अपना पहचान पत्र एवं ड्यूटी कार्ड साथ रखने व साफ-सुथरी वर्दी पहनने व मेला ड्यूटी के दौरान विषम परिस्थितियों से शांतिपूर्ण तरीके से निपटने के लिए आवश्यक निर्देश दिये गये।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**